दिल्ली विकास प्राधिकरण
भर्ती प्रकोष्ठ

महत्वपूर्ण सूचना

इस कार्यालय के संज्ञान में आया है कि कुछ इच्छुक अभ्यर्थियो द्वारा ऑनलाइन परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु उनके ई-प्रवेश पत्रों को डाउनलोड किया गया है जिसमें परीक्षा की तिथि, समय, सत्र और परीक्षा केन्द्र के शहर का विवरण दिया गया है। सभी अभ्यर्थियों को यह सूचित किया जाता है कि परीक्षा तिथियों पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक को केवल परीक्षण के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था और इन्हे किसी तकनीकी त्रुटि के कारण वेबसाइट पर अनजाने में अपलोड किया गया था। अतएव, उक्त ई-प्रवेश पत्र अवैध हैं और परीक्षा में उपस्थित होने के लिए मान्य नहीं हैं। परीक्षाओं की तिथि पर अंतिम निर्णय लिए जाने पर इसे अभ्यर्थियों को एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से उनके ई-प्रवेश पत्र को डाउनलोड करने हेतु सूचना दी जाएगी। इस आशय की सूचना को अग्रणी समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाने के साथ-साथ दिल्ली विकास प्राधिकरण की वेबसाइट में भी डाला जाएगा।

आयुक्त (कार्मिक)